प्रसार भारती
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
16.10.2024 / प्रादेशिक समाचार / रितेश कपूर / 1945 बजे

''मुख्य समाचार''

- केंद्र सरकार ने रबी की फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य में की वृद्धि, केंद्रीय कर्मचारियों को 3 प्रतिशत डी.ए. की भी घोषणा।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा–नये शिक्षण संस्थान खोलना नहीं बल्कि सुविधाएं जुटाना सरकार का लक्ष्य।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रदेश सरकार पर राज्य में चल रहे दो रेलवे प्रोजेक्टों को रोकने का लगाया आरोप।
- चार दिवसीय शिमला फ्लाईंग फेस्टिवल व हॉस्पिटैलिटी एक्सपो 2024 का राज्यपाल ने किया शुभारंभ।

मंत्रिमंडल बैठक

केंद्र सरकार ने विपणन सत्र 2025–26 के लिए रबी की फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य–एम.एस.पी में बढ़ौतरी की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आज नई दिल्ली में आयोजित केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में ये निर्णय लिया गया। बैठक के बाद सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने पत्रकारों को बैठक में लिए गए फैसलों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रेपसीड और सरसों की फसलों में अधिकतम तीन सौ रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ौतरी की गई है। वहीं मसूर दाल में दो सौ 75 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ौतरी की गई है। उन्होंने बताया कि चने का न्यूनतम समर्थन मूल्य् दो सौ दस रुपये प्रति क्विंटल और गेंहू का एक सौ 50 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ाया गया है। अश्विनी वैष्णव ने बताया कि केंद्रीय कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के महंगाई भत्ते में तीन प्रतिशत की वृद्धि की भी घोषणा की गई है। उन्होंने बताया कि महंगाई भत्ते में वृद्धि का लाभ 49 लाख से अधिक केंद्रीय कर्मचारियों और 64 लाख से अधिक पेंशनभोगियों को मिलेगा।

आदेश

प्रदेश सरकार ने राज्य के कर्मचारियों और पैंशनरों को चार प्रतिशत डीए देने के आदेश जारी कर दिए हैं। प्रदेश सरकार के प्रधान सचिव वित्त देवेश कुमार द्वारा जारी आदेशों के अनुसार कर्मचारियों और पैंशनरों को बढ़ा हुआ महंगाई भत्ता अक्तूबर महीने के वेतन और पैंशन के साथ 28 अक्तूबर को नकद मिलेगा। आदेशों में कहा गया है कि महंगाई भत्ते की बकाया राशि के भुगतान के लिए अलग से आदेश जारी किए जाएंगे। महंगाई भत्ते की बकाया राशि कर्मचारियों के जीपीएफ खातों में जमा होगी। प्रधान सचिव वित्त ने कर्मचारियों और पैंशनरों को 28 अक्तूबर को वेतन व पैंशन जारी करने के आदेश भी आज जारी कर दिए हैं।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि सरकार का लक्ष्य नये स्कूल व कॉलेज खोलना नहीं बल्कि पहले से चल रहे शिक्षण संस्थानों में समुचित अध्यपकों की तैनाती और अन्य सुविधाएं जुटाना है। मुख्यमंत्री आज आरकेएमवी शिमला के वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार गांवों में भी बेहतर शिक्षा उपलब्ध करवाने के प्रयास कर रही है। इसके लिए सभी विधानसभा क्षेत्रों में चरणबद्ध ढंग से राजीव गांधी डे–बोर्डिंग स्कूल खोले जा रहे हैं। इसके अलावा सरकार ने शैक्षणिक सत्र के बीच शिक्षकों के तबादलों पर भी रोक लगा दी है। उन्होंने प्रदेश में गुणात्मक शिक्षा के स्तर में गिरावट पर चिंता जताई और कहा कि सरकार भविष्य की चुनौतियों के अनुरूप नीतियां बना रही है। मुख्यमंत्री ने इस मौके

पर महाविद्यालय में बने नये भवन का लोकार्पण किया और विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को पुरस्कृत भी किया।

कुलदीप पठानिया

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा है कि प्रदेश सरकार शिक्षा के क्षेत्र में ढांचागत विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। कुलदीप सिंह पठानिया आज राजकीय महाविद्यालय चुवाड़ी में स्नातकोत्तर कक्षाएं और डिजिटल ई लाइब्रेरी व रीडिंग रूम के शुभारंभ के मौके पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार गुणात्मक शिक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। इसके लिए कांग्रेस सरकार ने सत्ता में आने के बाद विभिन्न श्रेणियों के लगभग 3 हजार 5 सौ शिक्षकों की भर्तियां की है।

शांडिल

स्वास्थ्य और महिला व बाल विकास मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने आज नई दिल्ली में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा और केंद्रीय महिला व बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी से शिष्टाचार भेंट की। उन्होंने इस दौरान केंद्रीय मंत्रियों के समक्ष हिमाचल के हितों को ध्यान में रखते हुए विभिन्न योजनाओं में केंद्र सरकार की मदद का आग्रह किया। उन्होंने जगत प्रकाश नड्डा से हमीरपुर, नहान, चंबा और टांडा मेडिकल कॉलेजों में विस्तार कार्यों और संचालन सहित स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए पर्याप्त धन राशि उपलब्ध करवाने का आग्रह किया। उन्होंने अन्नपूर्णा देवी से भी हिमाचल में महिलाओं को सुरक्षित माहौल प्रदान करने के लिए सीसीटीवी कैमरों के लिए पर्याप्त धन राशि स्वीकृत करने की मांग की।

दुर्घटना

शिमला ज़िला के चौपाल क्षेत्र के शैली ढांक के पास बीती रात एक कार के गहरी खाई में गिरने से तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार ये तीनों युवक सराहां से पुलबाहल की ओर जा रहे थे। मृतकों की पहचान परिक्षित भारती, विनोद कुमार और मुकेश के रूप में हुई है। ये तीनों जुब्बल तहसील के रहने वाले थे।

जयराम ठाकुर

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने आरोप लगाया है कि प्रदेश सरकार राज्य में चल रहे दो महत्वपूर्ण रेलवे प्रोजेक्टों में अपना हिस्सा न देकर इन्हें जानबूझ कर रोकने का प्रयास कर रही है। जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश सरकार बार–बार कह रही है कि राज्य में आर्थिक संकट नहीं है। यदि ऐसा है तो फिर इन रेलवे प्रोजेक्टों का हिस्सा क्यूं नहीं दिया जा रहा है। जयराम ठाकुर ने कहा कि रेलवे बोर्ड के चेयरमैन ने प्रदेश के मुख्य सचिव को पत्र लिख कर ये राशि जारी करने को कहा है। प्रदेश सरकार को भानुपल्ली–बिलासपुर–बैरी और चंड़ीगढ़–बद्दी रेल लाईन में प्रदेश के हिस्से रूप में एक हजार 6 सौ 26 करोड़ रूपए देने है। उन्होंने दावा किया कि प्रदेश सरकार का खजाना खाली है और वह केंद्र से आई मदद से कर्मचारियों को वेतन व पैंशन दे रही है।

फ्लाईंग फेस्टिवल

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने आज शिमला के निकट जुन्गा में चार दिवसीय शिमला फ्लाईंग फेस्टिवल और हॉस्पिटैलिटी एक्सपो 2024 का शुभारंभ किया। उन्होंने इस मौके पर कहा कि हमें अपने बच्चों को पैराग्लाइडिंग जैसी साहसिक गतिविधियां सीखने के लिए प्रेरित करना चाहिए तभी ऐसे फ्लाईंग फेस्टिवल सफल होंगे। इस फ्लाईंग फेस्टिवल में भारत के अलावा विभिन्न देशों के 50 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। इनमें पश्चिम बंगाल की एक महिला पैराग्लाईडर भी शामिल है। पैराग्लाईडर सोलो और टीम प्रतियोगिताओं में हिस्सा

ले रहे हैं। शिमला फ्लाईंग फेस्टिवल का दूसरी बार आयोजन हो रहा है। फ्लाईंग फेस्टिवल के आयोजक अरूण रावत ने कहा कि आयोजन को लेकर प्रतिभागियों में जबरदस्त उत्साह है। ये प्रतियोगिता 19 अक्तूबर तक चलेगी।

तरलोक चौहान

हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट के वरिष्ठ न्यायाधीश न्यायमूर्ति तरलोक सिंह चौहान प्रदेश हाईकोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश होंगे। प्रदेश हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति राजीव शकधर 18 अक्तूबर को सेवानिवृत हो रहे हैं। राष्ट्रपति की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार न्यायमूर्ति तरलोक सिंह चौहान 19 अक्तूबर को प्रदेश हाईकोट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश का पद संभालेंगे। न्यायमूर्ति तरलोक सिंह चौहान को दूसरी बार कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश का जिम्मा सौंपा गया है।

अधिसूचना

प्रदेश सरकार ने स्टेट एलाइड एंड हैल्थ केयर कांउसिल के गठन की आज अधिसूचना जारी कर दी है। आईजीएमसी शिमला में रेडिएशन सेफ्टी के साहयक निदेशक विनोद चौहान कांउसिल के चैयरपर्सन नियुक्त किए गए हैं। चिकित्सा शिक्षा के संयुक्त निदेशक को कांउसिल का एक्स ऑफिसिओ मेम्बर बनाया गया है। इसके अलावा मॉइक्रोबायलॉजी और रेडियोलॉजी के विभाग अध्यक्ष इसके सदस्य होंगे। रेडियोलॉजिकल सेफ्टी ऑफिसर राजेश कौशिक को कांउसिल का सचिव नियुक्त किया गया है।

एन.सी.सी.

एनसीसी के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल गुरूबरपाल सिंह ने आज एनसीसी ग्रुप हैडक्वार्टर शिमला का दौरा किया और संगठन द्वारा चलाई जा रही गतिविधियों का जायजा लिया। उन्होंने राज्यपाल शिवप्रताप शुक्ल से भी भेंट की और हिमाचल में कॉलेजों में एन.सी.सी. को वैकल्पिक विषय के रूप में शामिल करने की चर्चा की। उन्होंने सेना प्रशिक्षण जी.ओ.सी. इन चीफ लेफ्टिनेंट जनरल देवेंद्र शर्मा से भी मुलाकात की।

मस्जिद विवाद

संजौली मस्जिद तोड़ने के मामले में नया मोड़ आ गया है। शिमला नगर निगम कोर्ट के आदेशों के बावजूद अब मस्ज़िद तोड़ने के लिए संजौली मस्जिद कमेटी ने वक्फ बोर्ड को पत्र लिखकर अनुमति मांगी है। संजौली मस्जिद कमेटी के अध्यक्ष मोहम्मद लतीफ ने कहा कि मस्ज़िद की जमीन का मालिक वक्फ बोर्ड है, इसलिए बोर्ड से अनुमति मांगना जरूरी है और वक्फ बोर्ड भी इसमें पार्टी है। उन्होंने कहा कि बोर्ड जब भी अनुमति देगा लोगों से पैसे एकत्रित कर मस्ज़िद को तोड़ने का कार्य शुरु किया जायेगा। मस्जिद कमेटी की मांग पर ही बीते पांच अक्तूबर को नगर निगम कोर्ट ने दो माह के भीतर मस्जिद की ऊपरी अवैध तीन मंजिलें गिराने के आदेश जारी किए थे। अवैध मंजिले गिराने का खर्च भी मस्जिद कमेटी को करना है।

'मुख्य समाचार एक बार फिर'

- केंद्र सरकार ने रबी की फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य में की वृद्धि, केंद्रीय कर्मचारियों को 3 प्रतिशत डी.ए. की भी घोषणा।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा—नये शिक्षण संस्थान खोलना नहीं बल्कि सुविधाएं जुटाना सरकार का लक्ष्य।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रदेश सरकार पर राज्य में चल रहे दो रेलवे प्रोजेक्टों को रोकने का लगाया आरोप।
- चार दिवसीय शिमला फ्लाईंग फेस्टिवल व हॉस्पिटैलिटी एक्सपो 2024 का राज्यपाल ने किया शुभारंभ।